
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**12 अगस्त 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

लंबे-लंबे भाषणों से कहीं अधिक मूल्यवान

है इंच भर कदम बढ़ाना।

**महात्मा गांधी**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

दिवस विशेष

12 अगस्त



मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त




अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2023 शनिवार, 12 अगस्त को मनाया जाएगा। युवा दिवस युवा लोगों के लिए उनके जीवन को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण और विचारों को साझा करने और संगठनों, नीति निर्माताओं और समुदायों को इन्हें संबोधित करने के लिए मिलकर काम करने का अवसर देता है। चुनौतियों और युवाओं को उनकी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सशक्त बनाना इस दिन का उद्देश्य है। मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में युवाओं की उपलब्धियों को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। यह दिन पहली बार 1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा शुरू किया गया था और तब से हर साल एक अलग थीम के साथ मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं के लिए उनके जीवन को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार और राय साझा करने का एक अवसर है। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस, इंटरनेशनल यूथ डे युवा लोगों की आवाज़, कार्यों और पहलों के साथ-साथ उनके सार्थक, सार्वभौमिक और न्यायसंगत जुड़ाव का जश्न मनाने और मुख्यधारा में आने का अवसर देता है। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2023 का विषय: युवाओं के लिए हरित कौशल: एक सतत विश्व की ओर। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2022 का विषय "अंतरपीढ़ीगत एकजुटता: सभी उम्र के लिए एक दुनिया बनाना" था। इस विषय को चुनने के पीछे का विचार इस संदेश को मजबूत करना है कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए सभी पीढ़ियों में कार्रवाई की आवश्यकता है और किसी को भी पीछे न छोड़ा जाए।हर साल के युवा दिवस की थीम अलग होती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि युवा वास्तव में वर्तमान समस्या का सामना किस प्रकार कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, पिछले साल थीम "अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता" थी और हर आयु वर्ग के लिए एक दुनिया बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। 2021 में, "ट्रांसफॉर्मिंग फूड सिस्टम" और 2020 में, "यूथ एंगेजमेंट फॉर ग्लोबल एक्शन" थीम थी। 2019 में, उद्देश्य को "ट्रांसफ़ॉर्मिंग एजुकेशन" में स्थानांतरित कर दिया गया। इससे यह उजागर करने में मदद मिली कि अधिक प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि पूरी युवा आबादी शिक्षित हो।

# जयंती विशेष 12 अगस्त




**विक्रम साराभाई** *Vikram Sarabhai*, जन्म- 12 अगस्त, 1919, अहमदाबाद; मृत्यु- 30 दिसम्बर, 1971, तिरुवनंतपुरम) को भारत के 'अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक' माना जाता है। इनका पूरा नाम 'डॉ. विक्रम अंबालाल साराभाई' था। इन्होंने भारत को अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊँचाईयों पर पहुँचाया और अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर देश की उपस्थिति दर्ज करा दी। विक्रम साराभाई ने अन्य क्षेत्रों में भी समान रूप से पुरोगामी योगदान दिया। वे अंत तक वस्त्र, औषधीय, परमाणु ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और कई अन्य क्षेत्रों में लगातार काम करते रहे थे।


# पर्यायवाची शब्द



बादल - घन, मेघ, जलद, नीरद, जलधर



चांद - चंद्रमा, शशि, राकेश, सुधारक, मयंक



आंख - नेत्र, चक्षु, लोचन, नयन, दृष्टि



पेड़ - तरु, वृक्ष, पादप, विटप, अगम



कमल - पंकज, नीरज, सरोज, जलज, अंबुज



पानी - जल, नीर, अंबु, वारि, तोय, पय



Punita Kumari

EVS TLM
Class - 4

# हमारे मददगार - कामगार

तन पर तेरे कपड़े सुंदर बोलो कहां से आया,
काट-छांटकर तेरे लायक किसने इसे बनाया?

(दर्जी)

लड्डू-पेड़ा और रसगुल्ला खाकर करते हल्ला-गुल्ला,
तुमने खाई ढेरों मिठाई और बतलाओं किसने बनाई?

(हलवाई)

चूड़ी, नेकलेस, टीका, हार सुंदर तन पर सजाता कौन,
पायल, बिछिया, बेसर सुंदर गहना गढ़ता कौन?

(सोनार)

जिस मेज पर लिखते तुम खाट- पलंग पर सोते तुम,
इनको कौन बनाता है उसका नाम सुझाओं तुम?

(बढ़ई)



पुनीता कुमारी

TOB
खेल कॉर्नर



# भारत के टॉप-5 स्टेडियम

| रैंक | स्टेडियम | स्थान | क्षमता |
|---|---|---|---|
| 1 | नरेंद्र मोदी स्टेडियम | अहमदाबाद | 1,32,000 |
| 2 | ईडन गार्डन्स | कोलकाता | 68,000 |
| 3 | शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम | नया रायपुर | 65,000 |
| 4 | इकाना क्रिकेट स्टेडियम | लखनऊ | 50,000 |
| 5 | ग्रीनफील्ड स्टेडियम | तिरुवनंतपुरम | 50,000 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 12.08.2025

## अवलोकनात्मक अधिगम

अवलोकनात्मक अधिगम, जिसे सामाजिक अधिगम भी कहा जाता है, एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति दूसरों के व्यवहार, दृष्टिकोण, या भावनाओं का अवलोकन करके सीखते हैं. यह अधिगम का एक प्रकार है जिसमें दूसरों को देखकर, उनके व्यवहार का अनुकरण करके, या उनके अनुभवों से सीखकर ज्ञान और कौशल प्राप्त किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान







MRF का पूरा नाम Madras Rubber Factory है। इसकी शुरुआत 1946 में के. एम. मम्मेन मापिल्लई ने की थी। पहले यह कंपनी सिर्फ बलून बनाती थी, लेकिन 1952 में इसने टायर बनाना शुरू किया। धीरे-धीरे इसकी गुणवत्ता और तकनीक इतनी बेहतर हुई कि आज MRF दुनिया की सबसे बड़ी टायर कंपनियों में से एक बन गई है।



राकेश कुमार


पद्य पंकज
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भर गया है जहर से
संसार जैसे हार खाकर,
देखते है लोग लोगों को
सही परिचय न पाकर,
बुझ गयी है लौ पृथा की
जल उठो फिर सींचने को।
सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org

12 अगस्त


# विश्व हाथी दिवस



**हाथियों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाए और उनकी सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूक बने।**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


12 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पुस्तकालय विज्ञान के जनक
डॉ एस.आर.रंगनाथन
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
जन्म- 12 अगस्त 1892 - मृत्यु- 27 सितंबर 1972
Madhu priya
/teachersofbihar




भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक व महान वैज्ञानिक

# विक्रम अंबालाल साराभाई

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

12 अगस्त 1919 - 30 दिसंबर 1971

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
12 अगस्त
अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस
पर देश के समस्त युवाओं को हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
/teachersofbihar